Regarding establishment of Kendriya Vidyalaya in Nagaur Parliamentary Constituency, Rajasthan-laid

श्री हनुमान बेनीवाल (नागौर) **:** नागौर संसदीय क्षेत्र के उपखण्ड मुख्यालय खीवसर, डीडवाना तथा परबतसर व नागौर जिले के ही मेडता उपखण्ड मुख्यालय पर नये केंद्रीय विद्यालयों की स्वीकृति करवाने तथा नागौर संसदीय क्षेत्र के ही मकराना,जायल व लाडनूं में केंद्रीय विद्यालय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव मंगवाने की मांग की तरफ शिक्षा मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। जिला कलक्टर नागौर ने शिक्षा विभाग राजस्थान के माध्यम से खीवसर, डीडवाना तथा परबतसर मे नये केवी खोलने के लिए निर्धारित प्रपत्रो में के. वि.स. जयपुर के माध्यम से प्रस्ताव प्रेषित किए थे,तथा भौतिक निरीक्षण मे जो कमियाँ पाई गई उन कमियों को दूर करने हेतु जिला कलक्टर नागौर ने 31 मार्च 2023 को कमियों को दूर करने का आश्वासन दिया था । मेरा अनुरोध है कि नागौर जो दशको से अच्छे शिक्षण संस्थानो की राह देख रहा है ऐसे मे आप खीवसर, डीडवाना तथा परबतसर व नागौर जिले के ही मेडता में नये केंद्रीय विद्यालयों की स्वीकृति के सम्बन्ध मे वर्तमान स्थिति की जानकारी तलब करके के.वि. संगठन को जल्द से जल्द उक्त चारों स्थानो पर नये केवी की स्वीकृत करने व मकराना, जायल व लाडनूं में केंद्रीय विद्यालय स्वीकृत करने हेतु प्रस्ताव मंगवाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करे ।

_________ -

12.54 hrs.